ओ मुरली वाले कान्हा

ओ मुरली वाले कान्हा
तेरा ही सहारा है,
तेरी छतरी के नीचे,
परिवार हमारा है,
ओ काली कमली वाले,
तेरा ही सहारा है,
ओ मुरलीवाले.....

तेरी शरण में रहते है,
कहीं और ना जाते है,
तेरे चरणों की धूली,
माथे से लगाते हैं,
हमको तो श्याम बिहारी,
आधार तुम्हारा है,
ओ मुरलीवाले.....

हर सुख दुख में कान्हा,
तुम साथ निभाते हो,
हमसे जो गलती हो,
रस्ता दिखलाते हो,
सची है प्रीत तुम्हारी,
झूठा जग सारा है,
ओ मुरली वाले कान्हा.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30092/title/oh-murli-wale-kanha

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |